Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to provide connectivity to under construction bridge in Madhepura Parliamentar Constituency.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (मधेपुरा): सभापति महोदय, कोसी नदी पर 13.3 किलोमीटर पुल का निर्माण कराय जा रहा है, जिसमें 10.1 किलोमीटर पूर्वी बकौर की तरफ से, 2.1 किलोमीटर पश्चिमी भेजा की तरफ से, 1 किलोमीटर एप्रोच का निर्माण होना है। इस निर्माणाधीन पुल क्षेत्र में 14 पंचायत अवस्थित है, जिसकी आबाद 1 लाख 75 हजार है। इसके बीच कई अन्य पथ भी हैं। पूर्वी एवं पश्चिमी तटबंध के बीच की दूरी 7 किलोमीटर है, इसके बीच कोसी नदी भी है।

उक्त लंबे पुल के बीच कहीं भी पुल के ऊपर चढ़ने एवं उतरने की सुविधा नहीं दी गई है। स्थानी लोगों के द्वारा इस पुल के बीच आबादी में बने पथ से जोड़ने के लिए आंदोलन भी किया जा रहा है। इर कोसी नदी पर ईस्ट-वेस्ट कॉरीडोर 4 लेन पथ पर एवं रेलवे लाइन पर 1.9 किलोमीटर पुल बना है।

माननीय मंत्री गडकरी साहब कई बार कह चुके हैं कि आम लोगों को विकास से जोड़ना है, ऐसे में 1 पंचायत के 1 लाख 75 हजार लोगों को छोड़ देना विकास यात्रा के विपरीत है।

मेरा सरकार से आग्रह है कि इस पिछड़े क्षेत्र के लोगों को भी आवागमन की सुविधा मिले। जनहित इस लंबे पुल के बीच 100 नम्बर पिलर के सामने पुल पर आने-जाने की सुविधा सरकार दिलाए। यही आग्र हम आपके माध्यम से सरकार से करना चाहते हैं।